पौधारोपण भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगा : एडीएम मेहरा

- संगम समूह द्वारा दो दिन और मिलेंगे ट्री गार्ड के आवेदन
- हरित भीलवाड़ा की दिशा में संगम समूह की मुहिम प्रेरणादायक है

भीलवाड़ा। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगम उद्योग समूह द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क पौधा व ट्री गार्ड वितरण अभियान के दूसरे चरण के शुभारंभ के अवसर पर सोनी अस्पताल परिसर में पौधे एवं ट्री गार्ड वितरित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओम प्रकाश मेहरा ने कहा कि हरित भीलवाड़ा की दिशा में संगम समूह की मुहिम प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल वर्तमान की आवश्यकता है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज हम पुराने पेड़ों की छाया में जीवन जी रहे हैं, ठीक उसी प्रकार आने वाली पीढ़ियाँ आज लगाए गए पौधों से लाभान्वित होंगी। क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रशांत भट्ट ने अभियान के प्रशंसा कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी हमारी है कि हम भावी पीढ़ियों को हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण विरासत में दें। समूह के वाइस चेयरमैन एस एन मोदानी ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे वितरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण की दीर्घकालिक सोच से जोड़ना इसका मुख्य उद्देश्य है। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि पौधे लेने हेतु लोगों में व्यापक उत्साह है। अभियान के तहत आज फलदार, फूलदार, छायादार गमले एवं क्यारियों के 7760 पौधों और 390 ट्री गार्ड का वितरण किया गया। सुबह आमजन को तथा दोपहर में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों के लिए पौधे वितरित किए गए। ट्री गार्ड वितरण प्रभारी हिम्मत पारीक व मुकेश अजमेरा ने बताया कि ट्री गार्ड हेतु 26 व 27 जुलाई को प्रातः 8 बजे सोनी अस्पताल परिसर में फार्म का वितरण होगा।

अमावस्या के अवसर पर कहीं धार्मिक आयोजन

- हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर मालासेरी डूंगरी पर महाकाल शिव तांडव आरती वह गंगा आरती की तर्ज पर
- सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए कतारें लग गई , लोगों ने भगवान श्री देवनारायण जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं दिनभर साडू माता की रसोई में महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

आसींद, (निसं)। भगवान भोलेनाथ के आराधना का महापर्व हरियाली अमावस्या के अवसर पर भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मस्थली एवं माता साडू की अखंड तपोभूमि विश्व विख्यात तीर्थ स्थल मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर परिसर में हरियाली अमावस्या के अवसर पर कहीं धार्मिक आयोजन बड़े धूमधाम एवं हर्ष के साथ मनाया गए। पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि सुबह सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए भोलेनाथ को विधि विधान के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया एवं महाकाल की तर्ज पर भोलेनाथ का आकर्षक शृंगार किया गया। सुबह से शाम तक भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया जिसमें राजस्थान भर से आए गायक कलाकारों ने भजनो की प्रस्तुत दी। अजमेर से आई टीम के द्वारा देवों को देव महादेव की महिमा पर तांडव नृत्य का प्रदर्शन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। इस दौरान अजमेर के कलाकारों ने शिव तांडव का बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया उसके बाद महाकाल की आरती उतारी गई एवं शाम को पूरे विधि विधान के साथ महाकाल की आरती उतारी गई एवं हरिद्वार में होने वाली गंगा आरती की तर्ज पर शाम को देवनारायण मंदिर के सामने पुष्करराज के महान पंडितो द्वारा विशाल मालासेरी डूंगरी की आरती की गई। इसमें देश, प्रदेश भर से आए देव भक्तों ने विशाल मालासेरी डूंगरी तीर्थ की आरती में भाग लिया पुजारी ने बताया कि कल हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर 20 हजार से अधिक देव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए कतारें लग गई , लोगों ने भगवान श्री देवनारायण जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं दिनभर साडू माता की रसोई में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। आने वाले हजारों भक्तों ने महाप्रसादी का आनंद लिया। अजमेर से आई शिव तांडव नृत्य की टीम की बेहतरीन प्रस्तुति एवं भोलेनाथ की झांकी रही आकर्षक का केंद्र अजमेर से आई टीम के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ के शिव तांडव का बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया एवं महाकाल की आरती की तर्ज पर शाम को विशाल डूंगरी की महा आरती की गई जो बहुत ही आकर्षक का केंद्र रही इस क्षेत्र में पहली बार इस भव्य शिव तांडव एवं महाकाल की आरती गंगा की तरह मालासेरी डूंगरी की आरती का आकर्षण केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान भक्तों में अपार उत्साह का माहौल रहा। इस मौके पर देवनारायण जन्मस्थली विकास समिति के अध्यक्ष जयदेव चाड़, शंभु लाल ,पुजारी डालू राम पोसवाल, देवी लाल पोसवाल, प्रभु पोसवाल, दुदा राम, घासीराम ,भंवरलाल, ईश्वर, भागूराम, सवाई सिंह, शिवराज, भेरूलाल, रूगनाथ पडियार व प्रभु फागना सहित कई देव भक्त मौजूद रहे।

सार-समाचार

सरवाड़ में अलग-अलग जगह पौधारोपण

सरवाड़, (निसं)। नगर पालिका व थाना परिसर में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया इस अवसर पर थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया गया वहीं उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर व सीएलजी सदस्यों के साथ थाना परिसर में भी पौधारोपण किया हुआ वहीं नगर पालिका द्वारा हरियालो राजस्थान मिशन अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम थीम आधारित वृक्षारोपण कार्यक्रम शुक्रवार को बांक्याराणी माताजी मन्दिर व अराबा माताजी मन्दिर में मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत श्रमिकों के सहयोग से आयोजित कर पौधारोपण किया गया वहीं इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों व धार्मिक स्थानों व उपखण्ड कार्यालय परिसर तहसील कार्यालय परिसर अराबा माताजी मन्दिर बांक्याराणी माताजी मन्दिर श्मशान भूमि व प्राज्ञ जैन गौशाला नन्दी गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके महावीर प्रसाद धोबी, नगर पालिका स्वास्थ्य जमादार सत्नारायण लखन, मुकेश सेवता, अशोक आदिवाल, हर्षवर्धन सिंह, गोविन्द सिंह भाटी, रंगलाल माली व मांगीलाल माली सहित अन्य मौजूद रहें।

पेंशनर समाज ने किया उपखंड अधिकारी का अभिनंदन

अरांई,(निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा अराई द्वारा पेंशनर अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण की अगुवाई में उपखंड अधिकारी नीतू मीणा का पुष्पगुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस मौके पर पेंशनरों द्वारा उपखंड अधिकारी को आईना पुस्तक भेंट की। इस दौरान उपखंड अधिकारी नीतू मीणा ने कहा कि पेंशनर समाज के पथ प्रदर्शक है। साथ ही इनके अनुभव से सीखने का अवसर मिलता है। इस दौरान अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण, संरक्षक प्रकाशचंद पारीक, रमेशचंद शर्मा, महेंद्र जैन, रामसिंह मामा, महावीर प्रसाद वैष्णव, रामगोपाल वैष्णव व हीरालाल गुर्जर सहित पेंशनर मौजूद रहे।

जीनगर बने मसूदा यंग ब्रिगेड अध्यक्ष

मसूदा, (निसं)। राजस्थान प्रदेश यंग ब्रिगेड कांठोस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष जगदीश गोदारा के निर्देशानुसार व ब्यावर जिला कांठोस सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विकम सोनी एवं मसूदा विधानसभा कांठोस सेवादल अध्यक्ष रामलाल नंगवाडा की अनुसंशानुसार व ब्यावर जिला यंग ब्रिगेड कांठोस सेवादल जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार ने राकेश जीनगर सुपुत्र श्री सत्यनारायण जीनगर को तत्काल प्रभाव से मसूदा शहर यंग ब्रिगड कांठोस सेवादल का अध्यक्ष नियुक्त किया।

श्रीराम मंदिर में भव्य प्रसाद वितरण समारोह सम्पन्न, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नसीराबाद, (निसं)। श्रीराम मंदिर, बस स्टैंड नसीराबाद में शुक्रवार की दोपहर भव्य प्रसाद वितरण समारोह का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। दोपहर 1 बजे श्रीराम जी की आरती के पश्चात यह आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी पं. ओम जी शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ आरती से हुई। आरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। विधायक विकास चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। वर्षों पुरानी लंबित मांगों को पूरा होने पर गांव वालों में हर्ष की लहर दौड़ गई। विधायक चौधरी ने तिलोनिया से तोलामाल 2.40 करोड़ की लागत से 6 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन कर हरी झंडी दिखाकर रोडवेज बस शुरू कराई। गांव कांकनियावास

60 लाख से बनी डेड किलोमीटर लंबी सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही पेयजल हेतु दो नलकूपों की स्थापना कराई। सरकारी स्कूल में विधायक कोष से टीनशेड की घोषणा की। विधायक चौधरी का गांव वालों ने जगह-जगह स्वागत कर हृदय से आभार व्यक्त किया।

खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

- क्षेत्र के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहेगी- विधायक प्रतिनिधि
- बादरिया बनी कबड्डी की फाइनल विजेता

ब्यावर (निसं) प्राथमिक विद्यालयी संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय प्राथमिक विद्यालय बादरिया मण्डावर में मुख्य अतिथि युवा नेता समाज सेवी रणजीत सिंह रावत के सानिध्य में हुआ। अति विशिष्ट अतिथि मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान, समाजसेवी जसवन्त सिंह, मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह, महेंद्र सिंह, डाउ सिंह थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ संगीता मीना ने की।खेलकूद प्रतियोगिता में पांच ठाम पंचायत क्षेत्र काछबली, मण्डावर, लाखागुड़ा, बग्गड़, पीपलीनगर क्षेत्र की 21 विद्यालय के 205 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि युवा नेता रणजीत सिंह रावत ने बताया कि शिक्षा सहित क्षेत्र के विकास की कोई कमी नहीं आएगी। खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया तथा खेल क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए आ ान किया।

रावत ने मण्डावर क्षेत्र के विकास के लिए बादरिया विद्यालय में दो कक्षा कक्ष व टीन शेड, बादरिया खजुरिया और आंदड़ाई में रोड लाइट, ढाक का चौड़ा में रोड लाइट, मण्डावर में स्टेडियम समेत विभिन्न विकास कार्य की घोषणा के साथ शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।सरपंच प्यारी कुमारी चौहान ने मण्डावर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के बारे में विधायक का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विभिन्न विकास कार्य को करवाने हेतु अपनी मांग रखी। समाजसेवी जसवंत सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक देने तथा विद्यालय में प्रिंटर देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को भाजपा कुकर खेडा मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह, समाजसेवी जसवंत सिंह, पूर्व सैनिक राम सिंह, पीईईओ संगीता मीना ने भी संबोधित किया।

स्वागत उद्बोधन प्रधानाध्यापक पवन कुमार शर्मा ने किया तथा अध्यापक दिवराज मेघवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक अशोक सैनी ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी चुन्ना सिंह, प्रताप सिंह, एसएमसी अध्यक्ष कान सिंह, लक्ष्मण सिंह, नोल सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, जेठ सिंह, टिल सिंह, चुन्ना सिंह, दीप सिंह, देवी कुमारी, मूल सिंह, जग्गा सिंह, पूनम सिंह, उप सरपंच सुभाष सिंह, वार्डपंच दर्शना देवी, भंवर सिंह, देवी सिंह, सोहन सिंह, गणेश सिंह, पूरण सिंह, आदि मौजुद हरे।

स्वाधीनता दिवस की पूर्व सांस्कृतिक संध्या की तैयारियां

- उत्कृष्ट उपलब्धियां पाने वाले होंगे सम्मानित

अजमेर, (कासं)। स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त नगर निगम अनीता चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक नगर निगम के नवीन भवन में आयोजित हुई। बैठक में चौधरी ने कहा कि स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभागार में किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र सेनानी,पूर्व सैनिक, जनप्रतिनिधी, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सरस्वती वंदना, गौरवशाली राजस्थान की पारम्परिक नृत्य शैलियों जैसे गैर, कच्छी घोड़ी, कालबेलिया आदि का प्रदर्शन शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटन विभाग के अधिकारियों को कलाकारों की सहभागिता से सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने को कहा। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मुख्य अतिथियों एवं विशिष्टजनों को सजावटी पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल श मा, जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक योगेश खत्री, राजस्व अधिकारी नीलू गुर्जर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

भामाशाह प्रेमचंद सेन का सम्मान

- धर्मशाला विकास हेतु दिया 1,11,000 का सहयोग

शाहपुरा। धनोप माताजी के पावन स्थल पर चारों चोकला सेन समाज धर्मशाला में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भामाशाह श्री प्रेमचंद जी सेन (हियालिया) का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर भामाशाह सेन ने धर्मशाला के मुख्य बाउंड्री वॉल व प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 1,11,000 (अक्षरशः एक लाख ग्यारह हजार रुपए) की कैश सहयोग राशि कमेटी को प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर भामाशाह प्रेमचंद जी सेन के करकमलों द्वारा धर्मशाला परिसर में पौधारोपण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य से समाज के सभी वर्गों को प्रेरणा मिली। तत्पश्चात कार्यक्रम में धर्मशाला कमेटी द्वारा प्रेमचंद सेन का माल्यार्पण व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके साथ ही दूर-दराज से पधारे अतिथियों का भी सम्मानपूर्वक स्वागत हुआ। समाज के स्वर्गीय अध्यक्ष कालूराम सेन को भी इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने उनके योगदान को याद किया और उनकी स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सभी समाजबंधुओं ने एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ठाहण की। इस कार्यक्रम में विजयनगर से सत्यनारायण सेन, संपतलाल, महावीर, प्रवीण सेन, गुलाबपुरा से महावीर सेन, संपतलाल सेन, धामनिया से रामस्वरूप सेन, शाहपुरा से दिनेश, तेजपाल, रामगोपाल, दुर्गा, बजरंग, शंकरलाल सेन, कुलदीप सेन, प्रह्लाद सेन, तथा शिवराज, ससत्यनारायण, शिवजी, दिलखुश, जगदीश, देवराज, धर्मी आदि गणमान्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

बैठक आयोजन

अजमेर, (कासं)।पशु आहार संयंत्र द्वारा शुक्रवार को डिस्ट्रीब्यूटर्स की बैठक का आयोजन किया गया, इसमें लगभग 60 पशु आहार विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। उनके द्वारा दिए सुझावों पर विचार विमर्श किया जाकर समस्याओं का निस्तारण किया गया। आरसीडीएफ मुख्यालय, जयपुर से डॉ. रघुवीर कुमार तेली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। उनके द्वारा विक्रेताओं की समस्याओं से सम्बन्धित आवश्यक समाधान करने के लिए आवश्वस्त किया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में टॉप 10 डीलर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डीलर्स को भी किट एवं प्रमाण-पत्र दिया जाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी डीलर्स से पशु आहार की गुणवत्ता से सम्बन्धित फीड बेक लिया गया। प्रबन्धक डॉ. निधिका जोशी एवं संयंत्र प्रभारी श्री सुशील कुमार द्वारा पशु आहार बनाने की प्रकिया को विस्तार से समझाया गया।

कारगिल फतह की कहानी, डीडवाना - कुचामन के कारगिल हीरो की जुबानी

- दास्तानें कारगिल फतहः जब डीडवाना-कुचामन के सपूतों ने दुश्मन को पहाड़ों से नीचे धकेला

डीडवाना, 1999 को कारगिल की बर्फीली चोटियों पर भारतीय सेना ने जो पराक्रम रचा, वह आज भी दुश्मनों के रोंगटे खड़े कर देता है और हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर देता है। भारत की फतह और पाकिस्तान की शर्मनाक हार की इस गौरवगाथा में डीडवाना-कुचामन के जांबाज सपूतों की भूमिका भी कम नहीं रही। डीडवाना - कुचामन जिले के कई वीरों ने देश की सेवा करते हुए न सिर्फ अदम्य साहस का परिचय दिया बल्कि अपने प्राणों की आहुति भी दी।

कारगिल युद्ध में शामिल रहे कैप्टन ओम प्रकाश, जो वर्तमान में डीडवाना में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय में कार्यरत हैं, ने युद्ध के दृश्य साझा करते हुए बताया की हमारी यूनिट ने दुर्गम इलाकों में जान हथेली पर रखकर ऑपरेशन को अंजाम दिया। जो पाकिस्तानी दिखा, उसे मौत के घाट उतार दिया और बाकी बचे दुश्मन भाग खड़े हुए। कारगिल में हमने अपने कई साथी खोए लेकिन हमने देश की आन पर आंच नहीं आने दी। कैप्टन ओमप्रकाश ने कहा कि कारगिल में मिली जीत ने हमें गर्व का वो भाव दिया जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। आज भी जब वो उन दिनों को याद करते हैं, तो दिल गर्व और आंखें नम हो जाती हैं। जिले के आजवा गांव के निवासी सेवानिवृत्त हवलदार बालूराम, जो अब भी अपनी वर्दी को सहेजकर रखते हैं, कारगिल की यादें आज भी अपनी अगली पीढ़ी को सुनाते हैं और उन्हें भारती सेना ज्वाइन करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 मई 1999 को बाल्टिक क्षेत्र में कुछ चरवाहों ने घुसपैठियों की मौजूदगी की सूचना दी। जब जांच की गई तो साफ हुआ कि पाकिस्तानी सेना ने एलओसी पार कर भारत में घुसपैठ कर ली थी। इसके बाद शुरू हुआ युद्ध, जो ढाई महीने तक चला और 26 जुलाई को तिरंगा फिर उन चोटियों पर लहराया जहाँ पहले दुश्मन था। बालूराम ने बताया कि युद्ध के समय हालात बेहद कठिन थे। ऊंचाई, बर्फ, ऑक्सीजन की कमी और दुश्मन की गोलियां - इन सबके बीच भी भारतीय जवान पीछे नहीं हटे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह, जो कई वर्ष कश्मीर में भारतीय सेना का हिस्सा रहे उन्होंने बताया की कारगिल की जीत सिर्फ एक इलाके पर फतह नहीं थी, बल्कि यह भारत की सैन्य रणनीति, धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति का ऐसा परिचय था जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। पाकिस्तान जिस तरह चुपके से हमारे इलाके में घुसा था, भारत ने उसी घुसपैठियों को उनकी ही भाषा में जवाब देकर उन्हें चकनाचूर कर दिया। यह युद्ध हमारे सैन्य बलों की ताकत और नेतृत्व की कुशलता का ऐतिहासिक प्रमाण बन गया। उन्होंने बताया की राजस्थान के हजारों जवान कारगिल युद्ध में राजपूताना राइफल्स, जाट रेजिमेंट, ठोनेडियर्स जैसी यूनिट्स का हिस्सा रहे। डीडवाना-कुचामन जिले से भी कई जवान इस युद्ध में शामिल थे जिनमें से चार वीर सपूतों ने इस युद्ध में मातृभूमि के लिए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती सिर्फ वीरों को जन्म नहीं देती, बल्कि उन्हें देश की मिट्टी पर कुर्बान होने का जज्बा भी देती है।

कारगिल की विजय सिर्फ एक युद्ध नहीं थी, वह भारतीय जांबाजों की हिम्मत, हौसले और हठ का इतिहास था। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस घुसपैठ की कीमत चुकानी पड़ी। भारत ने न केवल उन्हें कारगिल से खदेड़ा, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि जब बात देश की रक्षा की हो, तो हमारे जवान मौत से भी आंख मिलाकर बात करते हैं। कारगिल की चोटियों पर लड़ाई आसान नहीं थी। ऑक्सीजन की कमी, दुर्गम इलाका और हर तरफ से दुश्मन की गोलीबारी के बावजूद भारतीय जवानों ने जिस तरह से विजय हासिल की, उससे पूरी दुनिया में हमारी सेनाओं का लोहा माना गया।

आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को नई ऊर्जा देगी मीरा दर्शन यात्रा

- पुष्कर जगत पिता ब्रह्माजी के दर्शन कर किया सरोवर पूजन
- मेड़ता सिटी से पुष्कर पहुंची मीरा दर्शन यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

पुष्कर, (निसं)। मेड़ता सिटी के श्री चतुर्भुज नाथ जी व भक्त शिरोमणि मीराबाई मंदिर से क्षात्र पुरुषार्थ फाउण्डेशन की ओर से निकाली मीरा दर्शन यात्रा आज शाम को पुष्कर जगत पिता ब्रह्मा जी की नगरी पहुंची। यात्रा का जयमल कोट सहित जगह जगह पुष्पवर्षा कर भव्य व गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मीरा दर्शन यात्रा में शामिल सभी यात्रियों ने जगत पिता ब्रह्मा जी के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इसके बाद यात्री पुष्कर की ब्रह्मा घाट पहुंचे। ब्रह्म घाट पर विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुष्कर सरोवर की पूजा की।

पंडित वेदनाथ पाराशर व कन्हैयालाल पराशर ने वैदिक मंत्रोच्चार से पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कराई। सहदेव बाग होटल में मीरा वंदन सभा के आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं भक्त शिरोमणि मीराबाई के इतिहास और जीवन दर्शन पर संबोधित किया। वरिष्ठ कांठोस नेता व पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि इस क्षात्र पुरुषार्थ फाउण्डेशन की ओर से यह मीरा दर्शन यात्रा के निकालने के पीछे यही मकसद है कि भक्त शिरोमणि मीराबाई की जीवनी व इतिहास के बारे में सबको सही ज्ञान हो सके। यह यात्रा जन आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को एक नई ऊर्जा प्रदान करेगी।भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त शिरोमणि मीराबाई का जीवन हमें ईश्वर में लीन होकर भक्ति भाव का संदेश देता है। मीरा वंदन सभा के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत से मांग करते हुए कहा कि हम सब मिलकर पुष्कर धार्मिक स्थल को बेहतर बनाए, ताकि देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधाएं मिल सके। जो विकास के काम पिछली अशोक गहलोत सरकार के रुके हुए है, वो काम भी जल्द शुरू हो, जिससे पुष्कर धार्मिक स्थल का अभूतपूर्व विकास हो सके। होटल सहदेव बाग में आयोजित मीरा वंदन सभा में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी शिरकत की और मीरा बाई के जीवन पर अपना उद्बोधन दिया। पुष्कर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, विधायक वीरेंद सिंह कानावत, जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह मझेवला, राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य कर्नल केसर सिंह, महेंद्र सिंह रलावता, डूंगर सिंह गोविंदगढ़, डिप्टी मेयर नीरज जैन, रेवत सिंह पाटोदा, महेंद्र सिंह कड़ेल, सुमेर सिंह शेखावत, महेंद्र सिंह मकरानाराज, हेमंत जोधा, दशरथ सिंह ,घीसू सिंह बासेली, घनश्याम सिंह कड़ेल, देवी सिंह, केदार सिंह देवेंद्र सिंह राठौड़, विक्रम सिंह राठौड़, दीपक सिंह कँवलाई, एडवोकेट राजेंद्र सिंह राठौड़, रणवीर सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह चुंडावत, यज्ञ प्रताप सिंह पीपरोली, जितेंद्र सिंह गोठड़ा, भवानी सिंह राठौड़ आदि गणमान्य लोग शामिल हुए। यात्रा में करीब 20 चार पहिया वाहनों में करीब 100 से ज्यादा यात्री शामिल रहे। यात्रियों ने आज पुष्कर में ही रात्रि विश्राम किया। इससे पहले मेड़ता सिटी में आज सुबह क्षात्र पुरुषार्थ फाउण्डेशन की ओर से भक्त शिरोमणि मीराबाई जी के मंदिर से मीरा दर्शन यात्रा का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, विधायक लक्ष्मण राम कलरू, चेयरमैन शोभा लाहोटी, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा, देवेंद्र सिंह बुटाटी, क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के रेवत सिंह पाटोदा आदि की मौजूदगी में रथ का पूजा अर्चना कर यात्रा का विधि विधान से शुभारम्भ किया गया। यह यात्रा पुष्कर से जयपुर होते हुए 27 जुलाई को वृन्दावन धाम पहुंचेगी। यात्रा का 26 जुलाई को जयपुर में विश्राम रहेगा।

For Sale/ eAuction: Fire & Wet damaged Kraft paper Reels (FG Stock) - Approx. 150 MT & Waste Paper (RM Stock)- 300 MT lying at M/s. Agrodaya Products Pvt. Ltd. A-71, RIICO, Palra Industrial Area, Ajmer, Rajasthan -305001 Contact Person for Physical Inspection - Mr. Sanjay Garg- 7014216210 Last Date For Inspection & EMD Deposit - 31.07.2025 & Date Of E-auction- 01.08.2025 (3PM), Auctioneer: Meenakshi Gupta- 9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever Therels'And' No Complaint' Basis).

For More details
Www.Salvagemanagers.Com
Support@Salvagemanagers.Com.

आम सूचना

मेरी पत्नी समद्राज कंवर पत्नी रामसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम कालानाडा की मृत्यु दिनांक 01/04/2008 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम कालानाडा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालानाडा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पत्नी समद्राज कंवर का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कर्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तातेज के साथ अरांई तहसीलदार के समख स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
- प्रार्थी : रामसिंह पुत्र खेमसिंह राजपूत निवासी ग्राम कालानाडा तहसील अरांई, (अजमेर)

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री /श्रीमती विरेन्द्र शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा की ग्राम लोहागल के खसरा नम्बर 1116 भूखण्ड संख्या 221 में क्षेत्रफल 200 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपित्त प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जाएगी।

उपायुक्त (उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025/138693
DATE :- 7.07.2025 रजि. बेचाना-नामा
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /5572
दिनांक 25/07/2025

श्री आनन्द मोहन भूतडा पुत्र श्री नोरंग भूतडा निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 दया नगर खसरा नं. 310 से 325, 395 प्लाट नं. 84 क्षेत्रफल 222.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री मनीष लोहिया पुत्र श्री गोपीकिशन जी के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 03.02.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी ।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025/138695
DATE :- 7.07.2025 रजि. बेचाना-नामा
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /5573
दिनांक 25/07/2025

श्री आनन्द मोहन भूतड़ा पुत्र श्री नोरंग भूतडा निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 दया नगर खसरा नं. 310 से 325, 395 प्लाट नं. 85 क्षेत्रफल 185.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री हनुमान प्रसाद पुत्र श्री रामजीवण शर्मा के नाम पटटा विलेख जारी है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 08.02.2007, 03.12.2010, 10.06.2013, 03.02